प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक सं0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2026/2809 दिनांक: 30 अप्रैल, 2026

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र/छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय की सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2026/2776 दिनांक 20 अप्रैल, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं दिनांक 07 मई, 2026 से 07 जून, 2026 के मध्य आयोजित होना निर्धारित के लिए दिनांक 30 अप्रैल, 2026 तक परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की सूचना दी गई थी।

उक्त के सम्बन्ध में कतिपय संस्थानो/छात्रों द्वारा किये गये अनुरोध को सक्षम स्तर द्वारा स्वीकार करते हुए निर्धारित अन्तिम तिथि को **विस्तारित करते हुए दिनांक 03 मई, 2026 तक परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा** किये जाने हेतु ई0आर0पी0 पोर्टल संचालित रहेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का कष्ट करें।

भवदीय

Deepak Nagaria
30/04/2026

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक